Blend of 8 Effective Ayurvedic Oils

Dr. Juneja's डा.ऑर्थो® Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment

ज्योतिष्मती तेल ① रक्त संचारण में सुधार कर जोड़ों के लचीलेपन को बढ़ाने में सहायक है।

गन्धपुरा तेल ② जोड़ों के दर्द, मांसपेशियों में अकड़न और गठिया में सहायक।

निर्गुण्डी तेल ③ नसों के दर्द और जोड़ों की ऐंठन में फायदेमंद है।

चीड़ तेल ④ मांसपेशियों व सम्पूर्ण जोड़ों के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक।

पुदीना तेल ⑤ इसके ठंडक देने वाले गुण दर्द एवं सूजन को शांत करते है।

कपूर तेल ⑥ जोड़ों में अकड़न एवं दर्द कम करने में उपयोगी।

तिल तेल ⑦ मांसपेशियों और जोड़ों के दर्द एवं सूजन के लिए लाभकारी।

अलसी तेल ⑧ जोड़ों और मांसपेशियों में सूजन कम करने में सहायक है।

UIN-A02-AY-PB-2025

Knee Pain Back Pain Shoulder Pain Wrist Pain

8 गुणकारी आयुर्वेदिक तेलों से बना डा. ऑर्थो तेल अंदर तक समाकर दर्द को कम करने में सहायता करता है। आयुर्वेदिक तेलों का यह मिश्रण उपयोग करने में सुरक्षित है। इसे खुले जख्मों पर न लगाएं।

मिलते जुलते नामों, विज्ञापन से सावधान

Clinically Tested* *For efficacy and safety.
- 24x7 Helpline: 7876977777
- www.drorthooil.com
NO.1 BRAND
WORLD'S GREATEST BRANDS 2015-16 IUA
Helpful in Painful Conditions
Dr. Ortho Oil
An Ayurvedic Proprietary Medicine
20% EXTRA

विकसित भारत का रास्ता किसान के खेत से होकर जाएगा : जगदीप धनखड़

कहा-पीएम किसान सम्मान निधि में है वृद्धि की आवश्यकता : उपराष्ट्रपति

■ डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय में छात्रों को किया संबोधित

यशपाल कपूर/निस
सोलन, 7 जून

सोलन की डॉ. परमार यूनिवर्सिटी नौणी में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ छात्रों को संबोधित करते हुए। -निस

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, सोलन में कहा कि आजकल जब हम आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की चर्चा करते हैं, तो युवा पीढ़ी भाग्यशाली है, क्योंकि वे एग्रीकल्चर इंटेलीजेंस से आर्टिफिशयल इंटेलीजेंस की यात्रा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, एग्रीकल्चर इंटेलीजेंस ही वो माध्यम है, जो ग्रामीण व्यवस्था के अंदर क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। हिमाचल प्रदेश के सोलन में डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय में विकसित भारत के मार्ग पर चर्चा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि विकसित भारत का रास्ता एक ही राह से होकर जाएगा, वो है किसान के खेत से। और वो तभी होगा, जब किसान का आप हाथ पकड़ेंगे। उन्होंने किसानों को केवल अन्नदाता ही नहीं बल्कि भाग्य विधाता बताया।

एक्सपोर्ट की मानसिकता पर जताई चिंता

एक्सपोर्ट की मानसिकता पर चिंता व्यक्त करते हुए धनखड़ ने कहा कि मुझे बड़ी परेशानी होती है जब लोग कहते हैं कि यह एक्सपोर्ट माल है, यह एक्सपोर्ट के लिए है। भाई, क्यों? सबसे अच्छा तो हमको खाना है, सबसे अच्छा तो हमको पहनना है। उन्होंने गर्व से बताया कि आज दुनिया की बड़ी संस्थाओं में भारतीय नेतृत्व कर रहे हैं और विशेष रूप से महिलाओं की बढ़ती भागीदारी की सराहना की। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना पर बोलते हुए उपराष्ट्रपति ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से अनुरोध किया कि वर्तमान में मिलने वाली 6,000 रुपये की राशि में मुद्रास्फीति के अनुपात में वृद्धि होनी चाहिए।

ग्रामीण उद्यमिता पर जोर देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि कृषक समुदाय के ग्रामीण लड़के और लड़कियों को उद्यमी, कृषि उद्यमी बनने के लिए यहां प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। उन्होंने अमेरिका का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां किसान परिवारों की औसत आमदनी आम परिवारों से अधिक है और इसका कारण यह है कि सरकारी मदद सीधे किसानों को मिलती है। मूल्य संवर्धन की आवश्यकता पर बल देते हुए धनखड़ ने कहा कि आज के दिन ग्रामीण व्यवस्था की ओर ध्यान देना पड़ेगा। इस अवसर पर सांसद सुरेश कुमार कश्यप, स्वास्थ्य मंत्री धनी राम शांडिल, डॉ. वाईएस परमार यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

सत्ता के बिना नहीं रह सकते केजरीवाल : मनजिंदर सिंह सिरसा

लुधियाना, 7 जून (निस)

दिल्ली सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा शनिवार को लुधियाना उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार जीवन गुप्ता के समर्थन में प्रचार करने पहुंचे। इस अवसर पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए सिरसा ने लुधियाना पश्चिम के मतदाताओं को दिल्ली की जनता द्वारा नकारे गए 'लुटेरा गैंग' से सावधान रहने की अपील की, क्योंकि दिल्ली को लूटने के बाद अब उनकी नजर पंजाब पर है। सिरसा ने दावा किया कि आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को जब दिल्ली की जनता ने चुनाव में नकार दिया तो वे एक दिन भी दिल्ली की जनता के साथ खड़े नहीं हुए और पंजाब पहुंच गए क्योंकि वे सत्ता के बिना नहीं रह सकते। सिरसा ने कहा, केजरीवाल अमेरिकी नीति पर काम कर रहे हैं क्योंकि अमेरिका ने विकास के नाम पर इराक, अफगानिस्तान और लीबिया जैसे देशों को बर्बाद कर दिया, केजरीवाल ने दिल्ली के साथ ऐसा किया और अब पंजाब में ऐसा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शराब माफिया की तरह अब भू-माफिया भी दिल्ली से पंजाब में आ गए हैं और यह सरकार अकेले लुधियाना जिला के गांवों में 25000 एकड़ जमीन हड़पने की योजना बना रही है। सिरसा ने कहा कि केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और आप नेता पंजाब की कीमती जमीन को बिल्डरों को बेचकर अपनी जेबें भरेंगे।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महासचिव अनिल सरीन, परमिंदर सिंह बराड़, जिला अध्यक्ष रजनीश धीमान, खजांची गुरदेव शर्मा देबी, के.डी भंडारी, नरेंद्र सिंह मल्ली, प्रेस सचिव डा.सतीश कुमार भी उपस्थित थे।

धरने पर बैठे परिजनों से मिले सीएम

आरोपी बख्शे नहीं जाएंगे, बच्चों की याद में बनेगा पार्क : मान

टिप्पर हादसे में मारे गए छात्रों के परिजनों ने किया प्रदर्शन

गुरतेज सिंह प्यासा/निस
संगरूर, 7 जून

समाना में शनिवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान धरने पर बैठे परिजनों से मिलते हुए। -निस

सात बच्चों के पीड़ित परिवारों से मिलने के बाद मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने घोषणा की कि अवैध खनन में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। इस संबंध में पूरे पंजाब में अभियान चलाया जाएगा। सड़क दुर्घटना मामलों में ढिलाई बरतने वाले पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराया जाएगा या उनका तबादला किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब मेरे पिता भानरा स्कूल में पढ़ाते थे, तो सड़क पार करते समय दुर्घटना का शिकार हो गए थे और उनकी रीढ़ की हड्डी में चोट लग गई थी और तो उनका लंबा इलाज भी चला था। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाना में इस सड़क को चौड़ा किया जाएगा और यहां के सरकारी अस्पताल को अपग्रेड किया जाएगा। बच्चों की याद में एक पार्क बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सात बच्चों की याद में 13 जून को समाना को सात एंबुलेंस दी जाएंगी। समाना से सैकड़ों टिप्पर गुजरते हैं, अवैध रूप से चलने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। टिप्पर, अवैध खनन या पुलिस कार्रवाई को प्रभावित करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह विधायक ही क्यों न हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवारों से विस्तृत बातचीत की गई है। बच्चों को वापस तो नहीं लाया जा सकता, लेकिन दुख बांटने से दुख कम होता है, इसलिए हमने परिवारों के साथ दुख बांटा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीड़ित परिवारों द्वारा बाल स्मृति ट्रस्ट बनाया जाएगा और जरूरतमंदों की मदद की जाएगी। सरकार इस ट्रस्ट को अपना सहयोग देगी। मालूम हो, समाना टिप्पर हादसे में मारे गए समाना के सात बच्चों के परिजनों ने इंसाफ की मांग को लेकर शनिवार को पटियाला-समाना रोड पर धरना लगा दिया। इस दौरान रोड पर यातायात पूरी तरह से बंद कर दिया गया।

इस बीच, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान समाना पहुंचे और प्रभावित परिवारों से मिले। परिजनों की मांग है कि हादसे को अंजाम देने वाले टिप्पर मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस दौरान धरने में विभिन्न संगठनों के नेताओं समेत आम लोगों ने हिस्सा लिया। इस दौरान सड़क पर टेंट लगाकर यह धरना शुरू किया गया है। मृतक बच्चों की माताओं ने कहा कि जब तक उन्हें इंसाफ नहीं मिल जाता, वे यहां से नहीं जाएंगी। गौरतलब है कि इस हादसे में सात बच्चों समेत एक ड्राइवर की मौत हो गई थी।

सीएम सुक्खू आज से किन्नौर के दौरे पर

रामपुर बुशहर, 7 जून (हप्र)

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू 9 जून को प्रातः 11:10 बजे आर्मी हेलीपैड चोलिंग पहुंचेंगे। इसके उपरांत वह शोंगटोंग करछम पॉवर हाउस साइट व बैरेज साइट पवारी में निर्माणाधीन गतिविधियों का जायजा लेंगे तथा कार्य कर रहे इंजीनियर्स व मजदूरों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 03:30 बजे जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रिकांगपिओ में सभा भवन व कल्पा में बनने जा रहे राजीव गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम का शिलान्यास करेंगे। इसके उपरांत वह यूथ हॉस्टल कल्पा का लोकार्पण करेंगे तथा सायं 04:30 बजे आइस स्केटिंगरिंक कल्पा में वन अधिकार अधिनियम - 2006 के लाभार्थियों से मिलेंगे व भू-पट्टे वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री 10 जून को प्रातः 9:15 बजे किन्नौर जिला की ग्राम पंचायत नमज्ञा के छोपन नामक स्थान पर सरहद वन उद्यान का शिलान्यास करेंगे। इसके उपरांत वह किन्नौर जिला के सीमावर्ती गांव शिपकिला में बॉर्डर-टूरिज्म का शुभारंभ करेंगे व जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री प्रातः 11:15 बजे शिमला के लिए रवाना होंगे।

स्वर्गीय ढींडसा थे अकाली राजनीति के बड़े स्तंभ : नायब सैनी

सीएम नायब सैनी ने परिवार से साझा की संवेदनाएं

संगरूर, 7 जून (निस)

संगरूर में शनिवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी पूर्व केंद्रीय मंत्री सुखदेव सिंह ढींडसा के परिवार से दुख साझा करते हुए। -निस

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुखदेव सिंह ढींडसा के निधन पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद खन्ना शनिवार को संगरूर स्थित आवास पर ढींडसा परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करने पहुंचे। नायब सिंह सैनी और खन्ना ने स्वर्गीय सुखदेव सिंह ढींडसा के निधन का दुख परमिंदर सिंह ढींडसा और अन्य पारिवारिक सदस्यों के साथ साझा किया और अपनी संवेदना व्यक्त की। सैनी ने कहा कि स्वर्गीय सुखदेव सिंह ढींडसा अकाली राजनीति के बड़े स्तंभ थे और राजनीति के अलावा मेरे उनके साथ अच्छे पारिवारिक संबंध भी थे। सैनी ने कहा कि स्वर्गीय ढींडसा हमेशा पंजाब के लिए चिंतित रहते थे और उन्होंने पंजाब के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। इसके बाद अरविंद खन्ना ने कहा कि स्वर्गीय सुखदेव ढींडसा बहुत ही बुद्धिमान और नेकदिल राजनेता थे जिनके योगदान को पंजाब कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने हमेशा पंजाब के हितों की रक्षा की। इस अवसर पर अन्यों के अलावा धरमिंदर सिंह दुलत जिला अध्यक्ष भाजपा संगरूर, अमृत राज दीप सिंह चट्ठा जिला अध्यक्ष, सुनील गोयल डिंपल, गुरतेज सिंह झनेरी प्रभारी ट्रांसपोर्ट सेल पंजाब, राजेश थरीजा, विजय सानी वरिष्ठ नेता, दीपक अग्रवाल एमसी, हरी सिंह फग्गूवाला, सरजीवन जिंदल, विक्रम पाली, चरणजीत शारदा व अन्य मौजूद रहे।

पंजाब सरकार से जनता का मोहभंग : सैनी

चंडीगढ़ (ट्रिन्यू) : हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पंजाब में जो सरकार चल रही है, वह झूठ की बुनियाद पर बनी थी। इस सरकार ने न तो जनता के कल्याण के लिए कोई सार्थक कार्य किया और न ही उनके पास काम करने की इच्छाशक्ति है। अब पंजाब की जनता इस सच्चाई को समझ चुकी है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को पंजाब के संगरूर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पंजाब सरकार ने चुनाव के समय जो वादे किए थे, उन्हें निभाने में पूरी तरह विफल रही है। दिल्ली के अंदर उनका पर्दाफाश हो गया है, क्योंकि झूठ लंबे समय तक नहीं चलता।

मोहल्ले में शोरूम व दुकानें बनाने से लोग परेशान : बबला

राजपुरा, 7 जून (निस)

राजपुरा की जनता को स्मार्ट सिटी के सपने दिखाए जा रहे हैं, लेकिन हकीकत यह है कि यहां गली-मोहल्ले में अवैध ब्यूटी पार्लर व अन्य शो-रूम बनते जा रहे हैं और सड़कों के किनारे भी अवैध रूप से दुकानें खुली हुई हैं। रिहायशी क्षेत्रों में ब्यूटी पार्लर के शो-रूम व दुकानें खुलने से लोगों का जीना मुश्किल हो रहा है। इतना ही नहीं ऐसी दुकानों व पार्लर पर असामजिक तत्वों के सारा-सारा दिन खड़े रहने से महिलाओं का घरों से निकलना भी मुश्किल हो रहा है। शिव पंचायत वार्ड नम्बर 23 व श्री गणेश बूथ मार्केट राजपुरा के प्रधान रमेश बबला ने यह बात कही। एसडीएम राजपुरा को सौंपे ज्ञापन में अवैध दुकानों पर रोष जताते हुए बबला ने कहा कि उनके मुहल्ले में पहले से ही काफी दुकानें खुली हुई हैं, लेकिन अब कुछ लोग अपने प्लाट काटकर शो-रूम बनवाने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सारे राजपुरा के मुहल्लों में पंचायतें बनी हुई हैं, जो इस तरह की कमर्शियल दुकानों का विरोध करती रही हैं, क्योंकि गली मुहल्लों में न तो बच्चे खेल सकते हैं और न ही बाहर जा सकते हैं। वहीं नगर कौंसिल प्रधान

एसडीएम राजपुरा को सौंपा ज्ञापन, जल्द कार्रवाई की मांग

नरेन्द्र शास्त्री ने कहा कि फिलहाल यह मामला उनके ध्यान में नहीं आया है। जब उनके पास शिकायत आएगी तो उच्च अधिकारियों से बात कर कानून अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

गैंगस्टरों और फिरोजपुर पुलिस के बीच मुठभेड़

तीन आरोपी घायल, चार पिस्तौल बरामद

बठिंडा, 7 जून (निस)

फिरोजपुर में काउंटर इंटेलीजेंस फिरोजपुर और पंजाब पुलिस ने संयुक्त अभियान के तहत तीन बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बीते दिन, दिनदहाड़े गोलियां चलाकर युवक की हत्या करने के आरोपी तीन बदमाशों की बीती रात पुलिस से मुठभेड़ हो गई। जिसमें तीन बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। तीनों एक बाइक पर सवार होकर जा रहे थे, जब गांव रत्ता खेड़ा के पास स्थित सेमनाले के पुल पर नाकाबंदी के दौरान पुलिस टीम ने इन्हें रुकने का इशारा किया तो इन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। तीनों को अस्पताल में दाखिल करवाया गया है।

मुठभेड़ की जानकारी देते हुए एसएसपी भूपिंदर सिंह ने मीडिया को बताया कि फिरोजपुर शहर स्थित मक्खू गेट के पास बृहस्पतिवार को गैंगवार के दौरान चली गोली में एक नौजवान आशु मोंगा की मौत हो गई थी। पुलिस की जानकारी के अनुसार तीनों युवक मक्खू गेट फायरिंग के वायरल वीडियो में फायरिंग करते नजर आ रहे हैं। एसएसपी भूपिंदर सिंह ने बताया कि फिरोजपुर पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए 2 को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, जबकि 3 को देर रात मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया है। अब तक 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे वारदात में इस्तेमाल 4 पिस्तौल, 1 मोटरसाइकिल व 1 एक्टिवा बरामद की है। मुठभेड़ के दौरान पकड़े गए आरोपियों की पहचान गुरजिंदर सिंह उर्फ गुरी निवासी बस्ती अमृतसरिया वाली, आरिफ के, सोनू निवासी गांव भामा सिंह वाला, फिरोजपुर, अमरजीत सिंह उर्फ अमर निवासी गांव पल्ला मेघा, फिरोजपुर के रूप में हुई है।

बेटे ने की मां की हत्या

संगरूर, 7 जून (निस)

पातड़ां उपमंडल के गांव गुलाहड़ में एक बेटे ने अपनी मां की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि उसे अपनी मां के चरित्र पर शक था। जानकारी के अनुसार गांव गुलाहड़ की 45 वर्षीय महिला की उसके बड़े बेटे ने हत्या कर दी। ग्रामीणों के अनुसार महिला पिछले एक-दो दिन से अपनी बहन के घर जाने के बहाने घर से लापता थी और इसी बात से नाराज होकर उसने अपनी मां की चुनरी से गला दबा कर हत्या कर दी। डीएसपी पातड़ां इंद्रपाल सिंह चौहान ने बताया कि थाना प्रमुख शुतराणा जसपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है। पोस्टमार्टम के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

*MRP (incl. of all taxes).
Creative Visualization.
Amul COOKIE SUB
BELGIAN CHOCOLATE ICE CREAM SANDWICHED BETWEEN DELICIOUS CHOCOLATE COOKIES
₹30* 80 mL
Amul Ice Cream Sandwich Vanilla
₹30* 80 mL
अमूल
रीयल मिल्क. रीयल आइसक्रीम.

अगर सच में विजिलेंस ब्यूरो में मेरी हुकूमत चलती है तो सीएम मान को इस्तीफा दे देना चाहिए : आशु

वीरेन्द्र प्रमोद/निस
लुधियाना, 7 जून

सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी पर हमला जारी रखते हुए पंजाब कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष भारत भूषण आशु ने आज कहा, अगर सच में विजिलेंस ब्यूरो में उनकी हुकूमत चलती है, जैसा कि आप दावा कर रही है तो मुख्यमंत्री भगवंत मान एक दिन भी अपने पद पर बने रहने के लायक नहीं हैं। क्योंकि इसका मतलब है कि उन्होंने अपनी सरकार और विभागों पर अपना नियंत्रण और भरोसा खो दिया है। आप नेताओं द्वारा बार-बार यह दावा किए जाने पर कि उन्होंने सहानुभूति हासिल करने के लिए एसएसपी विजिलेंस ब्यूरो लुधियाना से खुद को समन जारी करवाया था, इस पर आज उनकी प्रतिक्रिया के बारे में पूछे जाने पर आशु ने पलटवार करते हुए कहा, अगर यह सच है तो क्या आपको नहीं लगता कि भगवंत मान, जो मुख्यमंत्री हैं और गृह और विजिलेंस विभागों के प्रमुख हैं, को इस्तीफा दे देना चाहिए क्योंकि उनका अपने विभागों पर कोई नियंत्रण नहीं है? उन्होंने कहा कि आप पूरी तरह से हताश और घबराई हुई है, क्योंकि उन्हें अपने पैरों के नीचे से जमीन खिसकती हुई महसूस होने लगी है। अभी आप उम्मीदवार तीसरे स्थान पर है और आप कभी नहीं जानते कि उसकी किस्मत चौथे स्थान पर कब गिरेगी। उन्होंने दावा किया कि आप उम्मीदवार ने करीबी सहयोगियों को बताया है कि उन्होंने चुनावी राजनीति में अनावश्यक रूप से कदम रखा है।

सर्कुलेशन, विज्ञापन बुकिंग तथा अन्य संबंधित जानकारी हेतु कृपया निम्नांकित नंबरों पर सोमवार से शनिवार तक सुबह 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे के बीच सम्पर्क करें :
सर्कुलेशन :
0172-2670319, 2670250, 2670442
या ई-मेल करें :
Circulation@tribunemail.com
विज्ञापन :
क्लासिफाइड : 0172-2670257, 2670338
या ई-मेल करें :
classified@tribunemail.com
डिस्प्ले : 0172-2670256, 2670342
या ई-मेल करें :
advt@tribunemail.com

प्रकाशक नरेश कौशल व मुद्रक अमित शर्मा द्वारा द ट्रिब्यून ट्रस्ट की ओर से
द ट्रिब्यून प्रेस, सेक्टर 29-सी, चंडीगढ़ से मुद्रित
व द ट्रिब्यून, सेक्टर 29-सी, चंडीगढ़ से प्रकाशित।
कॉपीराइट © द ट्रिब्यून ट्रस्ट, सर्वाधिकार सुरक्षित।
आर.एन.आई. रजि. नंबर 32198/78.
चंडीगढ़ फोन : 2655066, 2655067, 2655068.
सर्कुलेशन : 0172-2670419, विज्ञापन : 0172-2670256-257.
प्रधान संपादक : ज्योति मल्होत्रा
संपादक : नरेश कौशल*
***पी.आर.पी. एक्ट, 2023 के तहत समाचारों के चयन हेतु जिम्मेदार।**

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट IV-ए- अचल प्रापर्टियों की ई-नीलामी सार्वजनिक बिक्री सूचना

सिक्योरिटी इंट्रस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्ज़, 2002 के रूल 8 (6) की व्यवस्थाओं के साथ पढ़े जाने वाले सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंट्रस्ट एक्ट, 2002 अधीन अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना

पंजी. कार्यालय : 9वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22, के.जी. मार्ग, नई दिल्ली-110001, फोन : 011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट : www.pnbhousing.com

ब्रांच आफिस : एससीओ 218-219, द्वितीय मंजिल, सेक्टर-12, पार्ट-1, सिटी सेंटर हूडा, करनाल-132001

सर्वसाधारण व विशेषतः कालम नं.-ए में वर्णित कर्जदारों/गारंटरों को सूचित किया जाता है कि कालम नं.-डी में वर्णित अचल प्रापर्टियां सुरक्षित क्रेडिटर के पास गिरवी/चार्ज्ड हैं, जिसका **मै. पीएनबी हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड (PNB HFL)** के अधिकृत अफसर/सुरक्षित क्रेडिटर द्वारा (कालम नं.-सी में वर्णित) कन्स्ट्रक्टिव/फिजिकल कब्जा ले लिया गया है और इन्हें निम्न विवरणानुसार **"जैसे है जहां है" "जो भी है"** आधार पर बेचा जाएगा। अंततम संशोधित सिक्योरिटी इंट्रस्ट एनफोर्समेंट रूल्ज़, 2002 के रूल 8(6) और 9 अधीन कालम-ए में वर्णित संबंधित कर्जदारों/मोर्टगेजरों (अब मृतक), जैसा भी मामला हो, के कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों (मालूम या नामालूम), एग्जीक्यूटर, प्रशासक, उत्तराधिकारियों, एसाइनियों को नोटिस जारी किया जाता है। बिक्री की विस्तृत शर्तों, प्रतिबंध के लिए **मै. पीएनबी हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड (PNB HFL)** में सुरक्षित क्रेडिटर की वेबसाइट www.pnbhousing.com पर प्रदान किए लिंक का अवलोकन करें।

लोन नं./ कर्जदार का नाम सह-कर्जदार/ गारंटर/ कानूनी वारिस का नाम (ए)	अपेक्षित राशि एवं तिथि (बी)	कब्जे की किस्म (सी)	गिरवी प्रापर्टी का विवरण (डी)	आरक्षित कीमत (आरपी) (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	बोली जमा कराने की अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि दर (एच)	निरीक्षण की तिथि एवं समय (आई)	नीलामी की तिथि व समय (जे)	ज्ञात ऋणभार/ अदालती मामले, यदि हों (के)
HOU/KAR/1122/1050991 प्रदीप कुमार सिधर (Sidhar) श्री उदित सिधर पुत्र प्रदीप कुमार (सह-कर्जदार) तथा पूनम रानी पत्नी प्रदीप कुमार (सह-कर्जदार) बी.ओ. करनाल	रु. 41,77,499/- (रुपये इकतालीस लाख सतहत्तर हजार चार सौ निन्यानवे केवल) 18.03.2024 के अनुसार देय	भौतिक	म. नं. 463/6 दक्षिणी हिस्सा, प्लाट नं. 53, प्रॉपर्टी आई डी नं. 1J1NYTH8 माप, 84 वर्ग गज, ओल्ड महाबीर कॉलोनी, पुरखास रोड, निकट हनुमान मंदिर, एमसी सीमा, सोनीपत के भीतर, बिक्री डीड नं. 10512 दिनांक 10.01.2023 के तहत, पूनम रानी पत्नी प्रदीप कुमार के पक्ष में, सीमाएं हैं:-पूर्व-दिनेश शर्मा का मकान, पश्चिम-मनोहर लाल ढिंगरा का मकान, दक्षिण-स्ट्रीट, उत्तर-दयावती का मकान।	रु. 32,24,000	रु. 3,22,400	23.06.25	रु. 10,000/-	12.06.2025 सुबह 10.00 बजे से अप. 05.30 बजे के भीतर	24.06.2025 सुबह 02.00 बजे से अप. 03.30 बजे के भीतर	*मालूम नहीं

*** भुगतान की तिथि तथा/या उसकी वापसी तक खर्च हुए आकस्मिक खर्चों, लागत, चार्जिज़ इत्यादि सहित लागू होने के अनुसार 18% वार्षिक भविष्य के ब्याज सहित। ** पीएनबी हाउसिंग फाइनांस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी की जानकारी एवं सूचना के अनुसार कालम नं.-K में वर्णित को छोड़कर उक्त अचल/सुरक्षित परिसम्पत्ति के संबंध में कोई भी दायित्व/दावा नहीं है। इस तरह के किसी भी उजागर होने वाले दायित्व का भुगतान सफल खरीददार/बोलीदाता को खुद करना होगा। प्रस्तावित खरीददार/बोलीदाताओं को प्रार्थना की जाती है कि वे उक्त दायित्वों की स्वतंत्र रूप में जांच कर लें।**

1. आज तक, कालम नं.-K में वर्णित उक्त अचल प्रापर्टीज/सुरक्षित परिसम्पत्ति को बेचने, पृथक करने तथा/या निपटारा करने से पीएनबी एचएफएल के अधिकारी पर कोई भी रोक आदेश तथा/या न्यायालय आदेश नहीं है। **2.** प्रस्तावित खरीददार/बोलीदाता तथा इच्छुक पार्टियां पेशकश देने या निविदा/बोली आवेदन प्रपत्र जमा करवाने से पूर्व कालम नं.-के में वर्णित प्रक्रिया/पारित आदेशों आदि, यदि हो, जोकि PNBHFL के पास उपलब्ध दस्तावेजों के टाइटल तक ही सीमित नहीं है, की प्रक्रियाओं का स्वतंत्र निरीक्षण कर सकते हैं। बोलीदाता को बोली प्रपत्र सहित इस नीलामी की शर्तों एवं प्रतिबंधों पर हस्ताक्षर करना होगा। **3.** कृपया नोट करें कि सिक्योरिटी इन्ट्रस्ट (इनफोर्समेंट) रूल्ज़, 2002 के नियम 9(3) के अनुरूप, बोलीदाता/खरीददार उसी दिन या अधिकतम अगले कार्यदिवस को बिक्री मूल्य का 25% (धरोहर राशि, यदि कोई जमा करवायी गई हो, सहित) जमा करवाने के लिए कानूनी तौर पर बंधक है। बिक्री की पुष्टि सिक्योरिटी इन्ट्रस्ट (इनफोर्समेंट) रूल्ज़, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार सुरक्षित क्रेडिटर द्वारा बिक्री कीमत के 25% की प्राप्ति के बाद ही बोलीदाता के पक्ष में की जाएगी। बिक्री राशि का शेष 75% बिक्री पुष्टि पत्र की प्राप्ति की तिथि से 15 दिनों के भीतर खरीददार द्वारा जमा करवाया जाए, अन्यथा बिक्री पुष्टि पत्र में वर्णित 15 दिनों की वैधानिक अवधि व्यतीय होने के पश्चात बिक्री राशि के आंशिक भुगतान को जब्त कर लिया जाएगा तथा सरफेसी एक्ट की व्यवस्थाओं के अनुरूप प्रापर्टी/सुरक्षित परिसम्पत्ति को पुनः बेचा जाएगा। **4. मै. सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (कार्पोरेट कार्यालय - प्लाट नं. 68, तीसरी मंजिल, सेक्टर-44, गुड़गांव, हरियाणा-122003 वेबसाइट- www.bankeauctions.com) ई-नीलामी द्वारा बिक्री आयोजित करने में अधिकृत अधिकारी की सहायता करेगी। प्रापर्टी के निरीक्षण या बोली दस्तावेज प्राप्त करने से संबंधित सहायता हेतु तथा किसी अन्य पूछताछ हेतु या रजिस्ट्रेशन हेतु आपको निम्न से को-आर्डिनेट करना होगा : श्री राहुल दुआ, टोल फ्री नं. 1800 120 8800, ईमेल : auction@pnbhousing.com पीएनबी एचएफएल के अधिकृत व्यक्ति का है या www.pnbhousing.com देखें।**

स्थान : करनाल दिनांक : 08.06.2025 DI-6279 **हस्त./- अधिकृत अधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फायनांस लिमिटेड।**